# करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी करने वाला तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने फर्जी चिटफण्ड कंपनी खोलकर लोगों से धोखाधड़ी की थी

**कोटा,** (निसं)। फर्जी चिटफण्ड कंपनी खोलकर लोगों को अच्छा मुनाफा देने का लालच देकर करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को अनंतपुरा पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी मजदूरी करके फरारी काट रहा था।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिये शहर पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए लोगों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी थाना मकबरा के बृजराजपुरा हाल बोरखेड़ा के कृष्ण विहार निवासी बादशाह खान (53) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि तलवंडी निवासी निवेशक फरियादी विनय गोयल ने वर्ष 2021 में अनंतपुरा थाने मे धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। मामले मे एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था वही मामले में फरार चल रहे आरोपी बादशाह खान की तलाश के लिये टीम कार्यवाही कर रही थी। थानाधिकारी ने बताया कि फरार आरोपी बादशाह के बारे मे मुखबीर से रेलवे कॉलोनी इलाके के कालातलाब मे मजदूरी करने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम ने बादशाह खान को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।


फर्जी कंपनी खोलकर लोगों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि वर्ष 2014 में दीनदयाल नगर निवासी मुस्ताक मोहम्मद व इन्द्रा मार्केट निवासी बादशाह खान दोनों ने सितारा रियल स्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी खोलकर लोगों को अच्छा मुनाफा देने का लालच देकर मोटी रकम निवेश कराई। इसमें कोटा के कई लोगों द्वारा करोड़ों रूपये निवेश किये गये। कंपनी के लोगों द्वारा कंपनी में निवेश करने वाले लोगों को 18 व 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का प्रलोभन दिया गया। शहर एसपी ने बताया कि कई वर्षों तक कंपनी द्वारा निवेश करने वालों को रिटर्न दिया जाता रहा, लेकिन एक दिन अचानक से कंपनी बंद करके

■ पकड़ा गया आरोपी मजदूरी करके फरारी काट रहा था

इनके डायरेक्टर गुमानपुरा में स्थित ऑफिस को बंद करके फरार हो गये। शहर एसपी ने बताया कि तलवंडी निवासी निवेशक फरियादी विनय गोयल ने अनंतपुरा थाने में कंपनी के डायरेक्टर के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए कंपनी के प्रमुख डायरेक्टर दीनदयाल नगर निवासी मुस्ताक मोहम्मद को दिसम्बर 2021 में गिरफ्तार कर लिया था। मामले मे शेष चल रहे आरोपी बादशाह जो पिछले तीन साल से फरारी काट रहा था उसे भी अनंतपुरा पुलिस टीम ने रेलवे कॉलोनी इलाके के काला तलाब से गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि उक्त कंपनी के खिलाफ कोटा के अलावा जिला बांरा, झालावाड़ में भी प्रकरण दर्ज है।

# मा.शि.बो. की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 6 मार्च से

## परीक्षाओं को लेकर संभागीय आयुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (मा.शि.बो. ) की 10वीं और 12वीं परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर बुधवार को रीट कार्यालय के सभागार में अजमेर संभागीय आयुक्त महेशचन्द शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा सहित प्रदेश भर के जिला शिक्षा अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त शर्मा ने परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं-प्रश्न पत्रों की सुरक्षा, परीक्षा केंद्रों पर सुविधाओं, बायोमेट्रिक तकनीक और फेस रिकॉग्निशन आदि व्यवस्थाओं पर समीक्षा कर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए, साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि परीक्षाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**20 लाख से अधकि परीक्षार्थी देंगे परीक्षा :-**डीसी शर्मा ने बताया कि माशि बोर्ड आने वाले माह में दो बड़ी परीक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। पहली रीट परीक्षा 27-28 फरवरी को निर्धारित है, जिसके बाद 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी, जो 7 अप्रैल तक चलेंगी। 10वीं की परीक्षा 4 अप्रैल तक चलेगी, वहीं 12वीं की परीक्षा 7 अप्रैल तक आयोजित होगी। परीक्षाओं में करीब 20 लाख विद्यार्थी हिस्सा परीक्षा देंगे, इसके लिए प्रदेशभर में 6 हजार 187 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

बैठक में डीसी शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि सभी जीरो पर्सेंट एरर के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता सर्वोपरि है। इसके लिए जिला मुख्यालयों के साथ-साथ अजमेर स्थित बोर्ड मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। परीक्षार्थियों या केंद्राधीक्षकों को यदि किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। इन कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि इस बार परीक्षा में बायोमेट्रिक और फेस रिकॉग्निशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे परीक्षार्थियों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित की जा सके। साथ ही परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी होगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। संभागीय आयुक्त ने जानकारी दी कि परीक्षाओं की तैयारियों और संचालन में किसी प्रकार की कोताही न हो, इसके लिए प्रत्येक जिले में जिला प्लानिंग कमेटी का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है।

# ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

**निवाई,** (निसं)। जयपुर-हिसार एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा एक यात्री गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां से उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। रेलवे पुलिस ने बताया कि गेटमैन कमलेश ने दुर्घटना की सूचना दी। रेलवे पुलिस ने बताया कि फतेहसिंह पुत्र सुखराम निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली तिरुपति हिसार एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 1:55 बजे झिलाय रोड रेलवे फाटक के पास वह ट्रेन से गिर गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में एक युवती से दस लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता टीना रिजोनिया ने आरोप लगाया है कि उनके किराएदार ने छोटे भाई को विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर दस लाख रुपए हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर अलवर गेट थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार राजेंद्र कॉलोनी की निवासी टीना दर्ज शिकायत में बताया कि गुजरात के अहमदाबाद जिले का रहने वाला महावर लव कुमार वर्ष 2022 में अपनी पत्नी तेजल और एक छोटी बेटी के साथ उनके मकान में किराए पर रहने के लिए आया था। परिवार से मेल-जोल बढ़ाने के दौरान उसने कहा कि उसकी विदेशों में अच्छी पहचान है और वह कई बार विदेशों में काम कर चुका है। इस झांसे ने टीना और उनके परिवार का भरोसा जीत लिया।

पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह उनके छोटे भाई को विदेश में बढ़िया नौकरी दिलवा देगा। इस प्रलोभन में आकर परिवार ने अलग-अलग तिथियों में लगभग दस लाख रुपए का भुगतान कर दिया। शुरुआत में आरोपी लगातार संपर्क में रहा और जल्द ही वीजा व जॉब लेटर मिलने की बात कहकर सभी को भरोसे में लेता रहा। कई माह बीत जाने के बाद भी जॉब का ऑफर लेटर नहीं मिलने पर टीना और उनके परिवार को शक होने लगा।

उन्होंने लव कुमार से इस संबंध में बात की तो तो वह अपने परिवार सहित अचानक मकान छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने धोखाधड़ी का कोर्ट में इस्तगासा पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सादुलपुर, ( निसं )।** राजगढ़ में गैस एजेंसी के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि सुनील कुमार प्रजापत निवासी रडवा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि चार फरवरी को वह गांव से राजगढ़ आया था तथा अपनी मोटरसाइकिल को गैस एजेंसी के सामने खड़ी कर एजेंसी के अंदर चला गया। करीब दो बजे दोपहर में आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास पूछताछ की और खोजबीन भी की, लेकिन कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया।

# जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बुधवार को गुलपुरा मोड़ राजगढ़ पर ताश के पत्तों पर जुआ सट्टा खेलते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चार हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की है। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि आरोपी बेगा राम रेगर तथा अशोक कुमार रेगर को ताश के पत्तों पर जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# ख्वाजा साहब की महाना छठी में उमड़े अकीदतमंद

**अजमेर,** (कासं)। ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी बुधवार को दरगाह में मनाई गई। इस दौरान दरगाह में धार्मिक रस्में निभाई गई। ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी के अवसर पर बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से जायरीन पहुंचे और दरगाह में

■ देश में अमन-चैन व भाईचारगी की दुआ मांगी

■ ख्वाजा फखरुद्दीन के उर्स में शामिल हुए जायरीन

हाजरी देकर अमन-चैन और भाईचारे की भी दुआएं मांगी। सरवाड़ में चल रहे ख्वाजा फखरुद्दीन के सालाना उर्स में जायरीन ने शिरकत की।

दरगाह की सैयद जादगान अंजुमन के सदस्य सैयद गफ्फार काजमी ने बताया कि आहता ए नूर में बुधवार सुबह आठ बजे फातहा का कार्यक्रम हुआ। खुद्दाम ए ख्वाजा की ओर से गरीब नवाज की शान में नात व मनकबत पेश किए गए। ख्वाजा साहब की महाना छठी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई। इस अवसर दरगाह में कुरान ख्वानी हुई, शजरा पढ़ा गया। वहीं धार्मिक माहौल के बीच ख्वाजा गरीब नवाज की छठी पर खादिमों की ओर से दरगाह आने वाले


ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी पर दरगाह में उमड़ी जायरीन की भीड़।

जायरीन के लिए दुआएं की गई, दरगाह में मुल्क में खुशहाली, तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे की भी दुआएं की गई। काजमी ने बताया कि छठी में शिरकत करने के लिए आए जायरीन, ख्वाजा साहब की छठी के बाद सरवाड़ में ख्वाजा साहब के साहबजादे ख्वाजा फकरुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स में बुधवार को छठी का कुल है, इसलिए अधिकांश जायरीन अजमेर से छठी की फातहा के बाद सरवाड़ रवाना के लिए रवाना हुए। उर्स की कुल की रस्म में शामिल हुए।

खादिम सैयद कुतुबुद्दीन सकी ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज की महाना छठी पर हजारों जायरीन हाजरी लगाने के लिए अजमेर आते हैं। जिन जायरीन की मन्नतें पूरी हो गई, उन्होंने मन्नत के धागे खोले। सकी ने बताया कि दरगाह में जिन जायरीन की मन्नतें पूरी होती हैं, वे अपनी आस्था के अनुसार महाना छठी में अजमेर शरीफ आने का संकल्प लेते हैं, यह जायरीन की आस्था है कि वह 7, 11, 25 छठी आने का संकल्प लेता है, उन्होंने बताया कि ऐसे भी कई जायरीन हैं जो संकल्प पूरा होने के बावजूद हर छठी पर वर्षों से आ रहे हैं।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 35वें दिन भी अनवरत जारी

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर जेबीआर ग्रुप बलाई समाज के सदस्य अध्यक्ष रामरतन बलाई डाबला के नेतृत्व में शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए धरना दिया।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में जेबीआर ग्रुप बलाई समाज के

■ जिला समाप्त करने के विरोध में जेबीआर ग्रुप बलाई समाज के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे

समाजजन शिवराज मेघवंशी, रामरतन मेघवंशी, प्रहलाद मेघवंशी, जगदीश, हेमराज, गोवर्धन, कालू लाल बलाई, मदनलाल, कन्हैयालाल, राजू लाल, शिवराज मेघवंशी खामोर सारांश एवं बनेड़ा क्षेत्र के डाबला भटेडा गांवों के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिले को बहाल करने का ज्ञापन दिया। जेबीआर ग्रुप बलाई समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति संयोजक राम प्रसाद जाट,


पांच पार्षदों ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में त्यागपत्र दिया।

महासचिव कमलेश मुंडेतिया, अधिवक्ता कल्याण मल धाकड़, मोहम्मद शरीफ, संघर्ष समिति सदस्य सूर्य प्रकाश ओझा, पंकज पाराशर, राजमल शर्मा, राजेंद्र खटीक, महावीर बैरवा सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। सभी वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया।

संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अधिवक्ताओं ने 2 जनवरी से निरंतर न्यायालय में न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रखा है। सामाजिक संगठनों का लगातार समर्थन मिल रहा है। आज जाट समाज शाहपुरा के समाज जनों ने धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा को लिखित समर्थन पत्र सौंप कर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

वहीं नगर परिषद शाहपुरा के पांच पार्षदों ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में चल रहे आंदोलन में त्रिमूर्ति चौराहे से रैली निकालकर धरना स्थल पर पहुंचे, जहां जिला वापस बहाल करने को लेकर नारेबाजी की। पार्षद मुबारिक हुसैन रंगरेज वार्ड नम्बर 4, मधु देवी सर्वा वार्ड नम्बर 8, रुकसाना बानू वार्ड नम्बर 16, अमजद खान वार्ड नम्बर 26 एवं मोहम्मद इशाक पार्षद वार्ड नम्बर 27 ने उपखंड अधिकारी जयप्रकाश भारत मीणा के समक्ष उपस्थित होकर अपना त्यागपत्र सौंपा।

# जान जोखिम में डालकर टेंपो में सफर कर रहे हैं यात्री

## खैरथल-किशनगढ़ बास रूट पर बस सेवा नहीं होने से परेशानी

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिले पर दो दो सरकारों की मोहर लगी है। कांग्रेसराज में खैरथल तिजारा को जिला बनाया गया, उसके बाद वर्तमान भाजपा सरकार ने जिले को यथावत रखे जाने की मोहर लगाई। खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय खैरथल किशनगढ़ बास उपखंड में आता है और किशनगढ़ बास से जिला मुख्यालय की दूरी केवल 10 किलोमीटर है। इन दोनों जिला मुख्यालय और उपखंड मुख्यालय के लिए दुर्भाग्य की बात यह है कि इस बीच यात्रियों के लिए परिवहन निगम की बस सेवाएं नहीं है। यात्रियों को सुबह से शाम तक जान जोखिम में डालकर टेंपो में सफर करना पड़ रहा है। किशनगढ़ बास और खैरथल के बीच चलने वाले टेंपो सवारियों से इस कदर खचाखच भरकर चलते हैं कि पता नहीं कब पलट जाए, उन्हें जरा भी सवारियों की चिंता नहीं होती है।

वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद गुप्ता ने बताया कि खैरथल और किशनगढ़ बास से यात्रियों का सुबह से शाम तक बहुत बड़ी संख्या में आवागमन रहता है। हर पांच मिनट में टेंपो सवारी से खचाखच भर जाते हैं। अनेक बार ओवरलोड सवारियां भर कर चलने से टेंपो पलट भी चुके हैं पर इससे परिवहन विभाग और प्रशासन ने सबक नहीं लिया। परिवहन सेवा नहीं होने के कारण मजबूरी में यात्रियों को टेंपो में सफर करना पड़ता है और सफर करते वक्त यही डर लगा रहता है टेंपो पलट नहीं जाए।

खैरथल किशनगढ़ बस रूट पर रोडवेज बसों के संचालन को लेकर अनेक बार खैरथल और किशनगढ़ बास के लोग प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मिलकर बस सेवा चालू करने के लिए मांग कर चुके हैं पर ना तो यात्रियों की समस्या को प्रशासन गंभीरता से ले रहा है और ना ही जनप्रतिनिधियों को आमजन को हो रही असुविधा की परवाह है।

तिजारा डिपो परिवहन अधिकारी पवन कटारा से इस संदर्भ में संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि खैरथल-किशनगढ़ बास रूट पर केवल एक बस लगी है जो दिनभर में चार राउंड करती है। इसके अलावा सिर्फ वही बसे हैं जो तिजारा से वाया किशनगढ़ बास-खैरथल कोटपुतली जयपुर जाती है।

जब उनसे जिला मुख्यालय पर एक बस के संचालन की बात कही गई तो उनका जवाब था कि अभी 10 दिन पहले ही चार्ज संभाला है स्टाफ का अभाव है जल्द ही व्यवस्थाएं ठीक की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के डकनिया रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट मे आने से एक लोको पायलट की मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की जेब से मिली आईडी के आधार पर मृतक की शिनाख्त कुन्हाडी के बालिता रोड़ निवासी लोको पायलट मनीष शर्मा (48) के रूप में हुई।

मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। मृतक के पिता अजमेर एवं छोटा भाई जयपुर रहता था, सूचना पाकर पिता व भाई कोटा पहुंचे। मनीष शर्मा कोटा मे पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोको पायलट मनीष शर्मा मालगाड़ी लेकर चित्तौड़गढ़ से कोटा पहुंचे और मंगलवार को डयूटी ऑफ कर घर को रवाना हो गये, लेकिन मनीष डकनिया कैसे पहुंचे इस बारे में किसी को काई जानकारी नहीं है।

वहीं जीआरपी थाने के हेड कांस्टेबल डालचन्द ने बताया कि फोन पर डकनिया स्टेशन के समीप एक व्यक्ति की ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे तो ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का शव क्षत-विक्षिप्त अवस्था में झाड़ियों में मिला। मृतक के जेब की तलाशी ली तो उसके जेब से पर्स मिला जिसमें एक आईडी मिली जिससे मृतक की शिनाख्त हुई। मृतक रेलवे में लोको पायलट के पद पर तैनात थे। परिजनों के कोटा पहुंचने पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है कि ये एक सुसाइड या कोई हादसा, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पायेगा।

# पुरानी बिल्डिंग गिरी, हादसा टला

**अजमेर,** (कासं)। पुलिस थाना गंज व नगर निगम गोदाम के पास स्थित पुरानी बिल्डिंग को मालिक द्वारा गिरवाने का कार्य मजदूरों कराया जा रहा था। इसी बीच बुधवार सायं सवा चार बजे बिल्डिंग भरभरा कर गिर गई। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

पुलिस थाना गंज एवं गोदाम के पास होटल मेवाड़ा इन के पास ही बुधवार सायं सरदार इकबाल सिंह दुआ द्वारा अपनी पुरानी बिल्डिंग को मजदूरों द्वारा तुड़वाया जा रहा था। इसी बीच भवन का बड़ा हिस्सा गिर पड़ा। श्री अजमेर व्यापारिक के महासचिव रमेश लालवानी व जसपाल सिंह सलूजा और इकबाल सिंह दुआ ने बताया कि चार मजदूर बिल्डिंग गिराने का कार्य कर रहे थे और बिल्डिंग गिरने के साथ ही सुरक्षित बाहर निकल लिए गए। उन्होंने बताया कि मकान को गिराने का कार्य नगर निगम की अनुमति से करवाया जा रहा था।

# शाबीर हुसैन हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने शाबीर हुसैन हत्याकांड का खुलासा करते हुए 48 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार आजाद हुसैन पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी रूपनगर कच्ची बस्ती सुखेर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि मेरा बड़ा पुत्र शाबीर हुसैन उर्फ सोनू (26) पुत्र आजाद हुसैन 29 जनवरी रात में मोहल्ले के सदाकत हुसैन के साथ गया था। उसके बाद वापस नहीं लौटने पर पुत्र के मोबाइल पर फोन किया तो स्वीच ऑफ था। पुत्रवधू तब्सूम ने सदाकत को फोन किया तो उसने भी मोबाइल बंद कर दिया। दूसरे दिन मैने व मेरी पुत्रवधु ने सुखेर पुलिस थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवा मेरे पुत्र शाबीर हुसैन व उसके साथी सदाकत की तलाश शुरू की लेकिन दोनों का सुराग नहीं लगा। 3 फरवरी को सुखेर थाना पुलिस ने सोनारीया गांव में सोप स्टोन फैक्ट्री के


पुलिस ने शाबीर हुसैन हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा कर दो जनों को गिरफ्तार किया।

पास खुले स्थान पर एक बॉडी मिलने की सूचना दी। इस पर मौके पर जाकर देखा तो वह मरे पुत्र शाबीर हुसैन उर्फ सोनू की बॉडी थी। सदाकत हुसैन पुत्र चांद शाह निवासी रूपनगर कच्ची बस्ती की मेरे बेटे शाबीर हुसैन से कई दिनों से अनबन थी, जिसने मेरे पुत्र का अपहरण कर सोनीयारा गांव निवासी राजु खटीक के साथ मिलकर मेरे पुत्र

■ आरोप है कि अनबन होने के चलते हत्या की वारदात की थी

की हत्या कर दी।

मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर सुखेर थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में टीम को अनुसंधान के दौरान आरोपी अजमेर की तरफ से वापस उदयपुर आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस दल ने नैगडिया टोल नाके पर पहुंच कर नाकाबंदी की, जहां बुधवार तड़के टोल नाके से देलवाड़ा के बीच हाइवे से सदाकत हुसैन उर्फ सौदागर पुत्र चांद मो. निवासी रूपनगर कच्ची बस्ती सुखेर तथा राजु पुत्र प्रभुलाल खटीक थाने लाकर पूछताछ की तो दोनों ने शाबीर हुसैन की हत्या करना कबूल किया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।